# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society
### टर्म-1/आवधिक परीक्षा-2 2023-24 / Term-I/PT-II Examination 2023 - 24

**कक्षा : नवीं** | **अवधि : 3 घंटे**

**विषय : हिन्दी-अ (कोड-002)** | **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश -**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख'| खंड-क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड-ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं |
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य है |
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं | जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 48 हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 44 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
5. खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं | निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

---

## खंड – क
### (वस्तुपरक / बहुविकल्पी प्रश्न)

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1x5=5)**

आज के युवा पिछली पीढ़ी के व्यक्तियों से काफी अलग हैं। युवाओं की विचारधाराओं और संस्कृति में एक बड़ा बदलाव हुआ है। इसका समाज पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव पड़ा है। युवाओं की मानसिकता और संस्कृति में परिवर्तन के लिए एक कारण है पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव और दूसरा कारण है तकनीकी क्षेत्र में बढ़ती उन्नति। पहले ज़माने के लोग एक-दूसरे के साथ अच्छा वक्त बिताते थे। पर आज के युवाओं को यह भी पता नहीं है कि बगल के घर में कौन रहता है। वे सिर्फ उन्हीं लोगों के साथ मिलते-जुलते हैं जिनसे वे सहज महसूस करते हैं | वे अपने माता-पिता और अभिभावकों का साथ तो चाहते हैं लेकिन हर कदम पर उनका मार्गदर्शन नहीं चाहते। वे काफी बेसब्र और उतावले भी हैं और अगर चीजें उनके हिसाब से नहीं चलती हैं तो जल्द नाराज हो जाते हैं। हालाँकि आधुनिक युवाओं के बारे में सब कुछ नकारात्मक नहीं है। आज के युवा उत्सुक और होशियार हैं। अपने लक्ष्य को हासिल करना अच्छी तरह से जानते हैं। वे परंपराओं और अंधविश्वासों से खुद को बाँधे नहीं रखते | लेकिन मोबाइल फोन, सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अन्य गैजेट्स आधुनिक युवाओं के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव डाल रहे हैं | पश्चिमी चकाचौंध से अंधे हो चुके भारत के युवाओं को यह अहसास नहीं है कि हमारी भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुत अच्छी थी। हमें अपनी संस्कृति से अच्छे संस्कार लेने चाहिए। इसी तरह जीवन में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए लेकिन प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बनना चाहिए।

**(1) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-**

(क) आज के युवा (ग) युवा और देश

(ख) युवा और समाज (घ) आधुनिक युवा की आदतें

**(2) युवाओं की विचारधारा और संस्कृति में परिवर्तन का मुख्य कारण क्या है ?**

(क) पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव (ग) सोशल मीडिया का प्रभाव

(ख) तकनीकी क्षेत्र की उन्नति (घ) सभी विकल्प सही हैं

**(3) आधुनिक युवाओं का चुनिन्दा लोगों से ही मिलने-जुलने में रूचि दिखाना साबित करता है कि**

(क) वे लोगों का सम्मान नहीं करते (ग) वे अपनी सहजता को सर्वोपरि रखते हैं

(ख) वे आत्मकेंद्रित हैं (घ) उनमें सामाजिक सरोकारों की कमी है

**(4) चीज़ें हिसाब से न चलने पर जल्दी आपा खो देने वाले युवा-**

(क) स्वभाव से बेसब्र होते हैं (ग) स्वभाव से धैर्यवान होते हैं

(ख) स्वभाव से उग्र होते हैं (घ) सभी विकल्प गलत हैं

**(5) आज के युवाओं में कौन सी बातें सकारात्मक है-**

(क) वे अंधविश्वास के पीछे भागते हैं (ग) वे होशियार और अपने लक्ष्य के प्रति सतर्क हैं

(ख) वे केवल अपने बारे में ही सोचते हैं (घ) वे बहुत उतावले हैं

**प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1x5=5)**

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे,
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ |
अतल अस्ताचल तुम्हे जाने न दूँगा,
अरुण सूर्योदय सजाने आ रहा हूँ |
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से मोड़ मुँह जीते रहे तुम ,
अब तुम्हे आकाश में उड़ने न दूँगा,
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ |
सुख नहीं यह, नींद में सपने सँजोना,
दुःख नहीं यह शीश पर गुरु भार ढोना,
शूल तुम जिसको समझते थे अभी तक,
फूल मैं उसको बनाने आ रहा हूँ |
फूल को जो फूल समझे, भूल है यह,
शूल को जो शूल समझे, भूल है यह,
भूल में अनुकूल या प्रतिकूल के कण,
धूलि भूलों की हटाने आ रहा हूँ |
देखकर मंझधार तुम घबरा न जाना,
हाथ ले पतवार को घबरा न जाना ,
मैं किनारे पर तुम्हे थकने न दूँगा,
पार मैं तुमको लगाने आ रहा हूँ |

**(1) प्रस्तुत काव्यांश में कवि किनको जगाने आ रहा है?**

(क) दुश्मनों को

(ख) देश के युवाओं को

(ग) पशुपक्षियों को-

(घ) व्यापारियों को

**(2) 'शूल को जो शूल समझे, भूल है यह'-इस पंक्ति से कवि का तात्पर्य है -**

(क) अपनी भूलों पर पर्दा डालना चाहिए

(ख) दूसरों की भूलों पर ध्यान देना चाहिए

(ग) दूसरों को शूल चुभाना चाहिए

(घ) शूल का डटकर सामना करना चाहिए

**(3) 'अरुण उदयाचल सजाने आ रहा हूँ '- इसका क्या आशय है?**

(क) सुबह कवि से मिलने आ रही है

(ख) सुबह कवि से मिलने जा रही है

(ग) कवि युवाओं की निराशा को दूर करने की बात कर रहा है

(घ) कवि बड़ों को सही राह पर चलने को कह रहा है

**(4) 'अब तुम्हे आकाश में उड़ने न दूँगा' से कवि का क्या आशय है?**

(क) कवि किसी को हवाई यात्रा नहीं करने देगा

(ख) कवि कल्पना में नहीं जीने देगा

(ग) कवि अच्छे सपने दिखाएगा

(घ) सभी विकल्प सही हैं

**(5) धरती पर बसाना किसका सूचक है ?**

(क) यथार्थ से परिचित कराना

(ख) धरती पर घर बनाना

(ग) कल्पना में जीने को प्रोत्साहित करना

(घ) नया घर खरीदना

**प्र.3 निर्देशानुसार 'उपसर्ग' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)**

**(1) 'निराधार' शब्द में उपसर्ग है-**

(क) नि (ग) निर

(ख) नी (घ) निर्

**(2) 'संपूर्ण' शब्द में उपसर्ग है-**

(क) सम (ग) सम्

(ख) समप (घ) संपू

**(3) 'अत्युत्तम' शब्द में उपसर्ग है -**

(क) अत्य (ग) अत्यु

(ख) अति (घ) त्तं

**(4) 'परोपकार' शब्द में मूल शब्द है-**

(क) पुकार (ग) उपकार

(ख) कार्य (घ) पर

**(5) उपसर्ग होते हैं-**

(क) वाक्यांश (ग) पद्यांश

(ख) शब्दांश (घ) गद्यांश

**प्र.4 निर्देशानुसार 'प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)**

**(1) 'सच्चाई' शब्द में प्रत्यय है-**

(क) ई (ग) आइ

(ख) आई (घ) चाई

**(2) 'सुखद' शब्द में प्रत्यय है-**

(क) द (ग) खद

(ख) आई (घ) खाद

**(3) 'पर्यावरण' शब्द में मूल शब्द है-**

(क) यावरण (ग) रण

(ख) आवरण (घ) वरण

**(4) 'आध्यात्मिक' शब्द में प्रत्यय है -**

(क) मिक (ग) त्मिक

(ख) इक (घ) तमिक

**(5) प्रत्यय के विषय में कौन-सा कथन सही नहीं है ?**

(क) प्रत्यय मूलशब्द के आरम्भ में जुड़ते हैं

(ख) प्रत्यय मूलशब्द के बाद जुड़ते हैं

(ग) प्रत्यय का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता

(घ) प्रत्यय मूलशब्द में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं

**प्र.5 निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1x4=4)**

**(1) इनमें से 'तत्पुरुष समास' का उदाहरण होगा-**

(क) दशानन (ग) कमलनयन

(ख) आनंद-मग्न (घ) सुलोचना

**(2) 'जीवन-मरण' का समास होगा-**

(क) द्विगु (ग) द्वंद्व

(ख) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

**(3) 'यथाशक्ति' इनमें से कौन-सा समास है**

(क) तत्पुरुष (ग) कर्मधारय

(ख) अव्ययीभाव (घ) बहुव्रीहि

**(4) 'राहखर्च' का सामासिक विग्रह होगा-**

(क) राह में खर्च
(ख) राह और खर्च
(ग) राह के लिए खर्च
(घ) राह जैसा खर्च

**(5) 'गिरिधर' इनमें से किस समास का उदाहरण है ?**

(क) अव्ययीभाव
(ख) बहुव्रीहि
(ग) द्विगु
(घ) कर्मधारय

**प्र.6 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)**

**(1) 'ऊँचा हो जिसका मन गिरि-सा, गंभीर हृदय हो सागर-सा' में निहित अलंकार है -**

(क) रूपक
(ख) उपमा
(ग) यमक
(घ) अनुप्रास

**(2) 'कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में निहित अलंकार है -**

(क) अनुप्रास
(ख) यमक
(ग) रूपक
(घ) उपमा

**(3) निम्नलिखित में 'अनुप्रास' का उदाहरण नहीं है-**

(क) तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए
(ख) काली घटा का घमंड घटा
(ग) मुदित महीपति मंदिर आए
(घ) कालिंदी कूल कदम्ब की डारन

**(4) अनुप्रास और यमक प्रकार हैं-**

(क) अर्थालंकार के
(ख) शब्दालंकार के
(ग) समास के
(घ) विशेषण के

**(5) निम्नलिखित में से कौन-सा रूपक अलंकार का उदहारण है -**

(क) शशिमुख पर घूँघट डाले

(ख) मैया मैं तो चन्द्र खिलौना लैहो

(ग) वन-शारदी चन्द्रिका-चादर ओढ़े

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्र.7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1 x 5 = 5)**

हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें; परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है | कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं | हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है| हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं | प्रतिष्ठा की अंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं | संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं | हमारा समाज ही अन्य निर्देशित होता जा रहा है| विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं | उनमें सम्मोहन की शक्ति है ; वशीकरण की भी |

**(1) हम कैसी दासता स्वीकार कर रहे हैं ?**

(क) पारंपरिक

(ख) आस्तिक

(ग) बौद्धिक

(घ) नैतिक

**(2) पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बनने का क्या अर्थ है ?**

(क) अपनी संस्कृति को भूलकर पश्चिम की संस्कृति अपनाना

(ख) अपनी संस्कृति का सम्मान करना

(ग) पश्चिम की संस्कृति पर ध्यान न देना

(घ) अपनी संस्कृति को ऊँचा उठाना

**(3) हमारी नई संस्कृति किसकी संस्कृति है ?**

(क) संस्कारों की

(ख) प्रतिष्ठा की

(ग) प्रतिस्पर्धा की

(घ) अनुकरण की

**(4) संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने का हम पर क्या प्रभाव पड़ा है ?**

(क) हम ज़िम्मेदार हो गए हैं
(ग) हम दिग्भ्रमित हो गए हैं
(ख) हम संस्कारी हो गए हैं
(घ) हम आधुनिक हो गए हैं

**(5) विज्ञापन हमारी मानसिकता क्यों बदल रहे हैं ?**

(क) उनमें सम्मोहन है
(ग) उनमें एकीकरण है
(ख) उनमें वशीकरण है
(घ) सही हैं 2 और 1

**प्र.8 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>दो</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1 x 2 = 2 )**

**(1) डाकुओं के लिए डाँड़े सबसे अच्छी जगह क्यों थी ?**

(क) वह स्थान निर्जन था
(ख) वहाँ बहुत चहल पहल रहती थी-
(ग) वहाँ पुलिस का कड़ा पहरा था
(घ) सभी विकल्प सही हैं

**(2) तिब्बत यात्रा के दौरान चोर -डाकुओं से बचने के लिए लेखक ने क्या उपाय किया ?**

(क) अपने पास हथियार रखे
(ख) पुलिस को साथ में रखा
(ग) भिखारियोंबनाया सा वेश-
(घ) समूह में यात्रा की

**प्र.9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1 x 5 = 5)**

ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिनरात कड़ा पहरा है-,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी

**(1) जेल में कवि को चोरों, बटमारों के साथ क्यों रखा गया है ?**

(क) उनका मनोबल तोड़ने के लिए
(ख) उनकी हिम्मत बढ़ाने के लिए
(ग) उनको अपना मित्र बनाने के लिए
(घ) उनको अपना विरोधी बनाने के लिए

**(2) किसकी तुलना 'तम के प्रभाव' से की गई है ?**

(क) कैदियों की
(ख) अंग्रेज़ी शासन की
(ग) जेल के पहरेदारों की
(घ) कोयल की आवाज़ की

**(3) कवि को कौन निराश कर गया है ?**

(क) कोयल
(ख) सूर्य
(ग) चाँद
(घ) रिश्तेदार

**(4) जेल में कवि को क्या - क्या यातनाएँ दी जाती हैं ?**

(क) उनको भरपेट भोजन नहीं दिया जाता
(ख) उनके ऊपर हमेशा कड़ी नज़र रखी जाती है
(ग) उन्हें अपराधी माना जाता है
(घ) सभी विकल्प सही हैं

**(5) इनमें से कौन-सा शब्द 'आली' शब्द का समानार्थी होगा -**

(क) मालिक (ग) क्रांतिकारी

(ख) नौकर (घ) सखी

**प्र.10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>दो</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1 x 2 = 2 )**

**(1) कवयित्री ललद्यद के अनुसार बंद द्वार की साँकल कब खुलेगी ?**

(क) भोग और त्याग में सामंजस्य बिठाने पर

(ख) कठिन तप करने पर

(ग) कुंडलिनी जगाने पर

(घ) जीवन त्याग देने पर

**(2) 'वही है साहिब से पहचान' में 'साहिब' कौन है ?**

(क) रिश्तेदार (ग) ईश्वर

(ख) अजनबी (घ) कोई अधिकारी

## खंड - ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्र.11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित सात प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- । (2X5=10)**

(क) हीरा, मोती और उनके मालिक झूरी के बीच के आत्मिक सम्बन्ध का वर्णन कीजिए |

(ख) छोटी लड़की कौन थी और दोनों बैलो को रोटियाँ क्यों खिला जाती थी ?

(ग) हथियारों का कानून न होने के कारण उस समय के यात्रियों को तिब्बत में किन परेशानियों का सामना करना पड़ता था ?

(घ) लेखक के यात्रा-वृत्तांत के आधार पर लिखिए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था?

(च) उपभोक्तावादी संस्कृति का प्रभाव हमारे उत्सव मनाने के तरीकों पर कैसे पड़ रहा है ?

(छ) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ?

(ज) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

**प्र.12 निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- ।** **(2X4=8)**

(क) किसी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ?तर्कसहित उत्तर लिखिए|

(ख) कबीर ने ईश्वर-प्राप्ति के किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है ?

(ग) वाख कविता में **रस्सी** शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है और यह कैसी है ?

(घ) कृष्ण का रूप धारण करने के लिए गोपी क्या-क्या करने को तैयार है ?

(च) कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?

(छ) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

**प्र.13 पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए |** **(4X3=12)**

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस प्रकार की तैयारी करने लगे ?

(ख) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे और क्यों कहा गया है ?

(ग) खरीद-बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी ?

(घ) बाढ़-पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है?

**प्र.14 निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए :** **(5X1=5)**

आपकी कक्षा के कुछ छात्र एक बच्चे को बहुत परेशान करते हैं | इससे तंग आकर वह बच्चा प्रायः विद्यालय में अनुपस्थित रहता है | इस समस्या की और ध्यान दिलाते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए और उनसे निवेदन कीजिये कि वे शरारती बच्चों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं |

**अथवा**

आपके क्षेत्र में वर्षा का पानी जमा होने के कारण बहुत बीमारियाँ फ़ैल गई हैं | इस समस्या के समाधान हेतु अपने इलाके के महानगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए |

**प्र.15 निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए :** **(5X1=5)**

आपके मित्र ने आपकी बीमारी के दौरान पढ़ने में आपकी बहुत मदद की जिसके कारण आप परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर पाए | अपने मित्र को पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए |

**अथवा**

आपने हाल ही में एक किताब पढ़ी जिसने आपको बहुत प्रभावित किया | उस किताब के बारे में बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए |

***********